हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि

जबलपुर, गुरुवार 19 जून 2025

login : www.haribhoomi.com

पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई



## खबर संक्षेप

### टीआई प्रमोद ने संभाली दमुआ थाने की कमान

दमुआ। कुछ ही दिन पहले थाना दमुआ से टी.आई. आशीष धुर्वे का तबादला कोतवाली थाना छिन्दवाड़ा किया गया और उनके स्थान पर एस.आई. राजेश साहू को भेजा गया किन्तु दो तीन दिन ही हुए थे कि सत्ता पक्ष के नेता एवं पूर्व विधायक के सोशल मीडिया पर वायरल आडियो में कुछ गलत कामो की परमिशन की मांग किये जाने की बात क्षेत्र में जन चर्चा का का विषय बनने के कारण बात पुलिस कप्तान के कानो तक पहुचने पर तत्काल थाना प्रभारी राजेश साहू को लाईन अटैच कर दिया गया उसके पश्चात उनके स्थान पर दमुआ पुलिस थाना की बागडोर टी.आई. प्रमोद सिंग सिरसाम को सौंप दी गई है अब देखना यह कि सत्ता पक्ष की आपसी गुटबाजी में सिरसाम कब तक टिक पाते है। और अपाधिक घटना एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस द्वारा कितना लगाम लगा पाते है। या फिर अपराध बढते नजर आते है। जन मानस को नये थानेदार के आने पर काफी उम्मीदे रहती है।



### राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी आयोजित

छिंदवाड़ा: राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर पी. जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के सभागृह में आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में प्रमुख अतिथि बतौर बोलते हुए कुलगुरू प्रो. इंद्र प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि सत्ता की साध्वी अहिल्या ने गद्दी को तपोभूमि बनाकर स्वयं को एक नारीशक्ति की श्रेष्ठतम प्रतिमूर्ति सिद्ध किया। प्रजा उनकी माता थीं तो रानी उनकी उपासिका थीं। अहिल्या ने न्याय की नींव पर समृद्ध राष्ट्र का निर्माण किया। प्रमुख अतिथि वक्ता शासकीय महाविद्यालय चांद के प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई का सोच था कि सही नेतृत्व बेहतर इंसान बनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने धर्म को अनुष्ठानिक औपचारिकताओं से निकालकर मानव सेवा में केंद्रित किया।

### मेडिकल कॉलेज के पास धराया आरोपी, कोर्ट में किया पेश

# पुलिस ने आरोपी से किया दो किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



बुधवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी से दो किलो गांजा जब्त कर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को मेडिकल कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया। कोतवाली पुलिस ने अवैध कारोबार के लिए चलाये जा रहे अभियान तहत गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत एक आरोपी से 2 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने उसके पास से नगदी 40 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। दरअसल एसपी अजय पाण्डे के ने जिले मे मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करने अभियान चलाए जाने निर्देश जारी किए है। निर्देश के बाद एएसपी आयुष गुप्ता एवं सीएसपी अजय सिंह राणा के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों करने वालो के खिलाफ अभियान चलाया गया। कोतवाली टीआई आशीष कुमार धुर्वे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम ने गांजा की तस्करी करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उसके पास से 02 किलो गांजा जब्त किया। जिसकी बाजार में लगभग 40 हजार रूपये कीमत आंकी गई है। पुलिस को गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक गांजा बेचने की फिराक में मेडिकल कालेज के पास आने वाला है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी की। जैसे ही संदेही वहां पहुंच पुलिस ने तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम फिरोज शाह पिता डिल्लू शाह उम्र 35 साल निवासी प्रियदर्शनी कालोनी बताया है।

### इनका रहा योगदान

इस पूरे मामले में थाना प्रभारी कोतवाली आशीष कुमार धुर्वे, उप निरीक्षक नारायण सिंह बघेल, सउनि ब्रिजेश रघुवंशी सउनि प्रकाश सनोडिया प्र. आर. 824 युवराज रघुवंशी, आर.219 विकाश बैस आर. 720 अमित तोमर, सायबर सेल से प्र. आर. 811 नितिन सिंह आदित्य रघवंशी. की महत्वपूर्ण भमिका रही।

## दुष्कर्म के आरोपियों को 48 घंटे के अंदर पकड़ा

छिंदवाड़ा। नाबालिग पीड़िता अपने परिजन माता व पिता के साथ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी उमेश यदुवंशी द्वारा माह अक्टूबर 2024 में पीड़िता के घर के पीछे खेत में रात्रि के समय बुरा काम (बलात्संग) किया और आरोपी टिड्डू उर्फ पंचूम वाड़िवा द्वारा जनवरी 2025 में रात्रि के समय पीड़िता के साथ बुरा काम (बलात्संग) किया। फिर माह मार्च 2025 में दोनों आरोपियो ने पीड़िता के साथ गलत काम किये है, जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई, जिसकी बात दिनांक 15/06/2025 को अपने माता पिता को बतायी और साथ में लेकर थाना आयी थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये महिला पुलिस अधिकारी के द्वारा पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपीगणों के विरुद्ध बलात्कार, पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता (IPS) व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव श्रीमती प्रियंका पाण्डे के कुशल मार्गदर्शन में टीम का गठन किया गया उक्त टीम ने थाना प्रभारी नवेगांव उपनिरी. महेन्द्र शाक्य एवं थाने के हमराह स्टाफ के साथ आरोपियो की गिरफ्तारी के लिये रवाना किया गया जिसमें टिड्डू उर्फ पंचूम को तीन इमली चौराहा इंदौर से और उमेश यदुवंशी ग्राम निमोटी से तत्काल प्रभाव से हिरासत में लिया गया। विवेचना कार्यवाही करते हुये प्रकरण में आरोपियों को चंद घंटो में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

**गिरफ्तार आरोपी-** (1) उमेश पिता मंगिरया यदुवंशी उम्र 20 साल निवासी ग्राम निमोटी थाना नवेगांव जिला छिंदवाड़ा (2) टिड्डू उर्फ पंचूम वाड़िवा उम्र 21 साल निवासी ग्राम सुनारखापा थाना बैतूल बाजार जिला बैतूल।

**इनकी रही भूमिका :** अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव श्रीमती प्रियंका पाण्डे, थाना प्रभारी उपनिरीक्षक महेन्द्र शाक्य, सउनि. लखनलाल सरयाम, प्र.आर. 704 सीताराम नरें, प्र.आर. 169 जयप्रकाश सैयाम, आर. 1087 सोनू, आर. 900 रुमन सिंह, आर. 679 श्यामलाल, आर 1089 रामकिशोर, आर. 382 अरूण, आर. 1092 रूपेश की अहम भूमिका रही।

### हर्षोल्लास से मनाया जाएगा पूर्व सांसद नकुलनाथ का जन्मदिन

छिन्दवाड़ा:- जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी का जन्मदिन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला मुख्यालय सहित जिले की समस्त विधानसभाओं व ब्लॉकों में समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर राजीव कांग्रेस भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया आयोजित बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। दिनांक 21 जून 2025 दिन शनिवार को माननीय नकुलनाथ जी के जन्मदिवस पर मुख्य समारोह राजीव कांग्रेस भवन में सम्पन्न होगा। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय पर अन्य क्षेत्रों में कांग्रेस के विभाग, प्रकोष्ठ, अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को सूचीबद्ध करने के साथ ही अन्य कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा बनाई गई साथ ही समय का निर्धारण किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन में केक काटने के साथ ही अन्य आयोजन किए जाएंगे।

### छिंदवाड़ा में नवाचार से रचा गया उदाहरण

# 1067 भारिया परिवारों को पक्के आवास और 01 करोड़ की बचत का हुआ लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



छिंदवाड़ा जिले में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार के नेतृत्व में एक सराहनीय पहल के तहत प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निवासरत 1067 भारिया जनजाति परिवारों को न सिर्फ पक्के आवास की सुविधा मिली, बल्कि सामग्री की सामूहिक खरीदी से करीब 1 करोड़ की बचत भी संभव हुई।

प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत जिले को कुल 5825 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके अंतर्गत चौरई, हर्रई, तामिया, अमरवाड़ा, जुन्नारदेव एवं परासिया जनपद के दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत भारिया हितग्राहियों को योजना का लाभ देना एक चुनौती था। ग्रामों की दूर-दराज़ स्थिति (जिला मुख्यालय से 100-125 कि.मी.) और पहुँचविहीन क्षेत्रों के कारण स्थानीय विक्रेताओं द्वारा महंगे दाम और कम गुणवत्ता वाली सामग्री हितग्राहियों को दी जा रही थी। इससे कई परिवारों ने आवास निर्माण में रुचि ही लेना बंद कर दिया था, जिससे योजना की प्रगति बाधित हो रही थी।

इस स्थिति को बदलने के लिए कलेक्टर श्री सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार द्वारा स्वयं मौका स्थल का भ्रमण कर हितग्राहियों से चर्चा की गई और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया गया। इसके बाद जनपद पंचायतों के अमले, सहायक यंत्री, और ग्राम पंचायतों के सहयोग से सामूहिक बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें ग्रामवासियों और सामग्री विक्रेताओं के साथ संवाद स्थापित कर कम दर पर उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई।

जनपद स्तर पर थोक विक्रेताओं से संपर्क कर सामग्री की दरों का पूर्व निर्धारण किया गया। सीमेंट, ईंट, गिट्टी, सरिया, सेंटरिंग आदि निर्माण सामग्री स्थानीय दरों से 2 से 55 रूपये तक सस्ती दरों पर हितग्राहियों के ग्रामों में ही बल्क में पहुँचाई गई। इस नवाचार से न केवल परिवहन लागत बची, बल्कि समय पर सामग्री मिलने से अधिकांश हितग्राहियों ने 2 माह से भी कम समय में अपने पक्के आवास तैयार कर लिए।

## सिकल सेल रोगियों के लिए तामिया में आज लगेगा होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर

छिंदवाड़ा। विश्व सिकल सेल दिवस आज 19 जून को मनाया जायेगा। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू सिकल सेल रोगियों के लिए तामिया में आयोजित निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य. शिविर का शुभारंभ करेंगे।होम्योपैथी वेलफेयर एसोसिएशन छिंदवाड़ा के सहयोग से 19 जून को तामिया में निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में आने वाले सिकल सेल रोगियों का उपचार, जांच एवं दवाईयों का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक देश में सिकल सेल रोग को पूरी तरह से समाप्त करना है। इसी उद्येश्य को लेकर छिंदवाड़ा में होम्योपैथी चिकित्सकों के माध्यम से सिकल सेल रोगियों के लिए 19 जून को जनपद पंचायत के पीछे सामुदायिक भवन तामिया में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में आने वाले सिकल सेल रोगियों का उपचार करते हुए उनकी जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व छिंदवाड़ा स्थित पूजा लॉज में सिकल सेल रोगियों के लिए जिला स्तरीय निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग दो हजार सिकल सेल मरीजों का पंजीयन करते हुए उनका उपचार,जांच व निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया था। उस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने घोषणा की थी कि विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर फॉलोअप कैंप का आयोजन तामिया में किया जायेगा।

## सबकी आंखे नम कर गया संस्था ओम मंच पर अस्तित्व का नाटक पाँचवां पराठा

छिंदवाड़ा। शिमला के वर्ल्ड हेरिटेज गेयटी थियेटर में आयोजित 70 वीं अखिल भारतीय नाट्य/नृत्य प्रतिस्पर्धा में छिन्दवाड़ा का नाटक-पाँचवां पराठा खासा चर्चा में रहा। देशभर की 27 नाट्य संस्थाओं ने इसमें अपने-अपने नाटकों की प्रस्तुतियाँ दीं। छिन्दवाड़ा की नाट्य संस्था-ओम मंच पर अस्तित्व द्वारा मंचित इस नाटक में कलाकारों ने अपने भावपूर्ण अभिनय से उपस्थित दर्शकवृंद की आंखें नम कर दी। छिन्दवाड़ा के कलाकारों के अभिनय और अनुशासन की सराहना करते हुए समूचे नाट्य दल एवं कलाकार पलक टेखरे को शानदार अभिनय के लिए सम्मानित किया गया। आल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन शिमला के अध्यक्ष और सुप्रसिद्ध अभिनेता रोहिताश्व गौर एवं उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा गौर प्रति वर्ष इस आयोजन के माध्यम से शिमला में ये बृहद कलासमागम करते हैं। छिन्दवाड़ा के कलाकारों ने पद्मश्री गिरिराज किशोर की बहुचर्चित कहानी-पाँचवां पराठा पर केंद्रित नाटक का मंचन किया। नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी विजय आनंद दुबे ने किया हैं।



संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र आचार्य ने बताया कि नाटक-पाँचवां पराठा दर्शकों पर अपना संवेदनापूरित प्रभाव छोड़ने में सफल रहा। नाटक में श्रीकांत द्विवेदी(सुखदास),समसुन्निशा (धनवती),सुनीता लोमटे(बिचकी), स्वस्ति द्विवेदी(छुटकी) और विजय आनंद दुबे(रिटायर्ड पुलिस अधिकारी) ने अभिनय किया। संस्था के कलाकार विक्रम टांडेकर ने बताया कि नाटक में मंच के परे तृप्ति विश्वकर्मा,पंकेश बगमार ने पूर्वाभ्यास, रंगसंगीत नरेन्द्र सिंह चंदेल,रंगदीपन विजय सोलापुरे, रंगभूषा समसुन्निशा,वंश अंबालकर, मुखसज्जा पलक टेखरे एवं मंच सामग्री का दायित्व सुनीता लोमटे और स्वस्ति द्विवेदी ने निभाया।

## समय पर नहीं खुल रही सोसायटी दुकानें

दमुआ। वेयर हाउस माल गोदाम से खाद्य सामग्री राशन कम आ रहा है राशन समय पर ना आने की वजह से सोसायटी दुकाने भी समय पर नही खुल पा रही है जिसके कारण राशनकार्ड धारी सोसायटी के चक्कर लगा रहे है। समय पर दुकाने ना खुलने से राशन वितरण प्रणाली में परेशानियो का सामना करना पड रहा है। खास बात तो यह है कि इस माह जून में राशन कार्डधारियों को तीन माह का राशन प्राप्त होना है। कुछ राशन दुकानो में गल्ला आया और कुछ दुकानो में गल्ला कम आने की वजह से राशन वितरण में परेशानी हो रही है। राशन समय पर नही आने के कारण राशन का वितरण समय पर नही हो पर रहा हैं ऐसे कई राशनकार्ड धारी परिवार के लोग है जिनके पास मोबाईल तक नही है और ना ही पढे लिखे है अज्ञानता के कारण कई लोगो ने के वाय. सी तक नही कराया जिसके कारण कई राशनकार्ड धारियो के नाम कट गये ऐसे कार्डधारियो को राशन मिलना भी बंद हो गया है अब ऐसी परिस्थिति मे गरीब परिवार के लोग अपना गुजर बशर कैसे कर पायेगे। जुन्नारदेव (दमुआ ) ब्लाक के तहत कई ऐसी राशन दुकानो में खाद्य सामग्री की कमी महसूस की जा रही है। जिसकी वजह से कई दुकाने बंद पडी हैं इस तरह शासन के नियमो की धज्जियाँ उड रही है।



# हनुमान जी की भक्ति में डूबे सिंगोड़ी के भक्त

### जामसांवली मंदिर के लिए पैदल 86 कि.मी. की गदा यात्रा पर निकले भक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सिंगोड़ी के नई आबादी हनुमान मंदिर में सुबह महाआरती कर सभी लोग पैदल रवाना हुए। रास्ते पर पैदल यात्रियों के लिए चाय नाश्ता स्वागत द्वार आकर्षण का केंद्र बने रहे। सिंगोड़ी से लेकर जाम सावली मंदिर तक दानदाताओं ने चाय-नाश्ते के स्टॉल लगाकर पैदल जाने वालों को राहत , सिंगोड़ी पर दोस्ती की एक नई मिसाल देखने को मिल रही है। एक दोस्त की मन्नत पूरे करेंगे, सारे दोस्त, सिंगोड़ी के समाज सेवक अंकु वैभव मलिक, जुड़ा हुआ है। दरअसल अंकुर ने जाम सांवली वाले दादा से मन्नत मांगी थी जो पूर्ण हो गई। वह काम सफल होते ही उन्होंने सिंगोड़ी से पैदल चलते हुए दादा जी के दर्शन करने का विचार अपने मित्रों को सुनाया, उनके सभी मित्रों ने इस शुभ काम में साथ चलने , एवं मन्नत साथ में मिलकर पूरी करने का विचार किया और। आज दिनांक 18/06/2025, दिन बुधवार समय 11,35, सिंगोड़ी हनुमान मंदिर से, अंकुर वैभव मलिक, नयन सोनी, पारस साहू, शैलेंद्र साहू, शुभम लोहार, रोहित नागवंशी ,गजेंद्र सेन ,केतन पटेल, मोनू पटेल, युवराज सिंगौरे, अपने मित्र की मन्नत पूरी करने के लिए यात्रा का शुभारंभ कर दिये। ग्राम के सभी श्रद्धालु ने स्वागत, सत्कार करके शुभकामनाएं देते हुए जय श्री राम के जयकारा लगाते हुए विदाई दी।

## एकलव्य विद्यालय हर्रई की छात्राओं ने नीट में पाई सफलता

हर्रई। विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (**NEET**) 2025 में शानदार प्रदर्शन कर समस्त क्षेत्र एवं एतबारसमाज को गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय की कुल 02 छात्राओं ने **NEET** परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जिसका श्रेय छात्राओं ने अपने शिक्षकों तथा पालकों को दिया है । विद्यालय के प्राचार्य श्री धरम राज ने सभी चयनित छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। हमारे विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, समर्पण और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है। मैं सभी चयनित छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूँ और उनके माता-पिता तथा शिक्षकों को भी बधाई देता हूँ, जिनके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था ।₹**NEET** 2025 में चयनित छात्रोंओं के नाम हैं। कीर्ति गोहिया पिता- श्री मंजु गोहिया, सनवती उइके पिता- श्री सत्यभान उइके । विद्यालय परिवार इन सभी होनहार छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।





## स्कूल वाहनों की सघन जाँच, 8 वाहनों पर 93 हजार रूपए का लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिन्दवाड़ा शहर में संचालित हो रहे स्कूल वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा अनुराग शुक्ला ने बताया कि छिन्दवाड़ा शहर में संचालित हो रहे स्कूल वाहनों की चैकिंग की गई एवं इस दौरान वाहन क्रमांक एमपी 28 पी 0676 को बिना वैध परमिट के संचालित पाये जाने पर जप्त कर सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में खड़ा कराया गया। पूर्व में जप्त वाहन क्रमांक एमएच 32 क्यू 3556 से बकाया म.प्र. मोटरयान कर 2,22,832 रूपये जमा कराया गया। विगत सप्ताह में अन्य कार्यवाही करते हुये 8 वाहनों पर 93,000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही स्कूल वाहन संचालकों / चालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।



# भाजपा की सरकार में वंचित व शोषित वर्ग को किया जा रहा प्रताड़ित

### कांग्रेस पार्षद दल व शहर कांग्रेस कमेटी ने सौंपा संयुक्त ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा सरकार शोषित, वंचित व निर्धन लोगों पर लगातार अत्याचार कर रही है। छिन्दवाड़ा नगर पालिक निगम क्षेत्र के पात्र हितग्राही प्रशासनिक जिम्मेदारों के गैरजिम्मेदाराना कार्य से प्रभावित हो रहे। शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे तो वहीं दूसरी ओर निर्धन कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन में जिम्मेदार कृत्रिम अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। जिसके विरोध में कांग्रेस पार्षदल एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्य मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा।



कांग्रेस पार्षद दल एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रस्तुत में उल्लेखित किया कि नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा क्षेत्र के रहवासी पात्र वंचित, शोषित व निर्धन वर्ग के कल्याण के लिए संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर जी द्वारा भारतीय संविधान के खण्ड-4 में उल्लेखित अनुच्छेद क्रमशः 39 एवं 44 के आलोक में वर्तमान भारत सरकार व मप्र सरकार के सतत विज्ञापन-प्रसारण व लोक अभिलेकीय संधारण में निपुणता सिद्ध संबंधितगण जिन्हें योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी निपुण लोकसेवक मानकर सौंपी गई है, उनके द्वारा ही निकाय क्षेत्र के वंचित, शोषित व निर्धन वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। लोकसेवकों के द्वारा किए जाने वाले इस अनैतिक कार्य से पात्र योजनाओं के लाभ से लगातार वंचित हो रहे हैं। प्रस्तुत तीन सूत्रीय मांगों के ज्ञापन में कांग्रेस के पार्षद दल व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एनएफएसए के प्रावधानों के प्रतिकूल पात्र हितग्रहियों की खाद्यन्न पात्रता पर्ची को भोपाल राजधानी स्तर पर है। लगभग एक वर्ष के लम्बे अंतराल से पोर्टल के सर्वर डाउन होने का कृत्रिम झूठा प्रदर्शन करते हुए खाद्यन्न पात्रता पर्ची जारी नहीं की जा रही है।

### कलेक्टर को ग्रामीण पर्यटन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला राज्य स्तरीय सम्मान

# देवगढ़ होम स्टे का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश के ग्रामीण पर्यटन को नई दिशा देने वाले छिंदवाड़ा जिले के लिए बुधवार का दिन गौरवपूर्ण रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में म.प्र.टूरिज्म बोर्ड द्वारा आयोजित 'ग्रामीण रंग-पर्यटन संग' कार्यक्रम के दौरान छिंदवाड़ा जिले के देवगढ़ में विकसित होम स्टे का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने होम स्टे संचालिका हितग्राही श्रीमती कविता देवी सिंह धुर्वे से संवाद करते हुए मुस्कुराते हुए पूछा जब हम देवगढ़ आएंगे, तो क्या हमें भी स्वादिष्ट भोजन मिलेगा?₹ इस पर कविता धुर्वे ने आत्मविश्वास के साथ 'हाँ' में उत्तर दिया, जिससे पूरे सभागार में एक आत्मीय माहौल बन गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के साथ ही मंत्री विश्वास सारंग, मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर और राज्य शासन एवं पर्यटन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने में बहुमूल्य सहयोग और शत-प्रतिशत होम स्टे निर्माण का लक्ष्य पूरा करने पर कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह को राज्य स्तरीय विशेष सम्मान से नवाज़ा गया है। साथ ही ग्रामीण पर्यटन परियोजना के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर छिंदवाड़ा जिले की जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डी.ए.टी.सी.सी.) को भी सम्मानित किया गया है, यह सम्मान परिषद के सचिव, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार को प्रदाय किया गया है।



उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री सिंह के नेतृत्व और सतत निगरानी से जिले में दर्जनों होम स्टे समय पर तैयार होकर सुचारु रूप से संचालित हो रहे हैं। इन होम स्टे में पर्यटकों को न केवल स्वच्छ आवास और स्वादिष्ट स्थानीय भोजन मिल रहा है, बल्कि जनजातीय संस्कृति, हस्तशिल्प और ग्रामीण जीवनशैली का भी अद्वितीय अनुभव प्राप्त हो रहा है।

देवगढ़ में आयोजित वर्चुअल लोकार्पण समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति रही। इनमें प्रभारी एडीएम श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, एसडीएम श्री सुधीर जैन, डिप्टी कलेक्टर एवं जनपद सीईओ श्री राहुल पटेल, पर्यटन प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी, जिला पंचायत सदस्य श्री मदन गेंदलाल साहू, श्री लालसिंह बिंदू बट्टी, सरपंच श्री बलदेव धुर्वे सहित देवगढ़ के सभी होम स्टे संचालक एवं अनेक गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

### गरीब वर्ग को पांच रूपए में मिल रहा भरपेट भोजन, कई लोग उठा रहे लाभ

# गरीबों के लिए राहत साबित हो रही दीनदयाल रसोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया के ईडीसी में स्थित दीनदयाल रसोई गरीब लोगों के लिए राहत साबित हो रही है। यहां रोजाना 200 से 250 लोग 5 में भरपेट खाने का आनंद उठा रहे हैं। रसोई के खाने का लाभ वार्ड 1 से वार्ड 8 तक के गरीब मजदूर वर्ग के लोग उठा रहे हैं। जिन्हें भरपेट खाने की चिंता अब नहीं सताती है। उनके अलावा अन्य लोग भी कभी - कभार इस रसोई के खाने का आनंद लेते हैं।



### शांत क्षेत्र में स्थित रसोई

यह रसोई शांत क्षेत्र में स्थित है ।इसलिए यहां आकर खाने वालों शांति से खाने का मौका मिलता है। रसोई में वार्ड एक ओझा मोहल्ला के लोग, अस्पताल आने वाले मरीजों के परिजन, रेलवे रेक पॉइंट में काम करने वाले मजदूर आदि रोजाना भरपेट भोजन कर रहे हैं। कई मजदूरों में बताया, कि खाना स्वादिष्ट मिलता है। यहां तक आने में भले ही थोड़ी परेशानी होती है, लेकिन शांतिपूर्ण वातावरण में खाने का आनंद आता है।

### बिजली का अभाव

रसोई के आचारी उमेश त्रिपाठी ने बताया, कि रसोई केंद्र में पंखे, बल्ब ट्यूब लाइट आदि तो लगे हुए हैं, लेकिन बिजली कनेक्शन नहीं होने के चलते थोड़ी परेशानी होती है। इसके लिए, नगर पालिका से गुहार लगाई गई है ।इसके अलावा बैठने के लिए कुर्सियों की और आवश्यकता है । उन्होंने इसके लिए भी नगर पालिका प्रशासन से गुहार लगाने के साथ - साथ सामाजिक लोगों से भी सहयोग करने की अपील की है।

## भले ही कम मिले पर खाने लायक तो मिले राशन

**परासिया :-** शासन के द्वारा इस बार लोगों को तीन माह का राशन एक साथ दिया जा रहा है, लेकिन राशन में मिलने वाले अनाज की गुणवत्ता को लेकर हितग्राही शिकायत कर रहे हैं ।अधिकांश हितग्राहियों का कहना है, कि भले ही कम मिले, लेकिन अनाज खाने लायक तो मिले। इस मामले में परासिया नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर ने एसडीएम से शिकायत भी की है ।विधानसभा परासिया में संचालित राशन दुकानों से इस बार मिलने वाला गेहूं, चावल बेहद घटिया किस्म का है। गेहूं, चावल में घुन मिले हुए हैं, कहीं गेहूं में बेतहाशा मिट्टी मिली हुई है। अधिकांश राशन दुकानों से घटिया अनाज मिलने की शिकायतें सामने आ रही हैं ।जिसको लेकर नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर में एसडीएम से शिकायत कर लोगों को बेहतर अनाज उपलब्ध कराने की मांग रखी है। वीर बहादुर का कहना है, कि अनाज इतना घटिया है, कि इस जानवर भी नहीं खाएगा और इंसानों के खाने के लिए इसे वितरित किया जा रहा है। वहीं कुछ राशन दुकान संचालकों से बात करने पर पता चला है, कि ऐसा सभी राशन दुकानों में नहीं हो रहा है। जिन राशन दुकानों को रामगढ़ी से अनाज मिला है उन्हीं राशन दुकानों से यह शिकायत आ रही है, जबकि जामई के घुट्टी वेयरहाउस से जिन लोगों को अनाज मिला है उन राशन दुकानों से कोई शिकायतें नहीं आ रही है। बता दें, कि परासिया विधानसभा के अंतर्गत आधी राशन दुकानों को रामगढ़ी छिंदवाड़ा स्थित वेयरहाउस से अनाज मिलता है और आधी राशन दुकानों को जामई के घुट्टी में स्थित वेयरहाउस राशन मिलता है। इस जानकारी से यह अंदाजा लगाया जा सकता है, कि शासन की ओर से लोगों को अच्छा अनाज देने के सख्त निर्देश हैं, लेकिन वेयरहाउस में बैठे लोग गड़बड़ी पैदा कर रहे हैं। अनाज अच्छा नहीं होने के चलते लोग इसे बेच देते हैं, वही अनाज वापस व्यापारियों के माध्यम से इन्हीं वेयरहाउस में चला जाता है।

## भाजपा सरकार के राज में एससी-एसटी वर्ग परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

एस सी कांग्रेस सेल बैठक कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को संपन्न हुई है।बैठक के दौरान नव नियुक्त पदाधिकारीयों क़ो नियुक्ति लेटर प्रदान किये गए है।बैठक के संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग प्रभारी डॉ राजेश सोमकुवर,संगठन_सृजन_अभियान के अंतर्गत अनुसूचित जाती विभाग एवं युवा अनुसूचित जाति विभाग की महत्वपूर्ण बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ऑब्जर्वर ओर पुर्व सांसद अब्दुल खालिक, सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी विधायक विजय चौरे, विधायक निलेश उईके, प्रमुख उपस्थिती में संपन्न हुई बैठक के दौरान कांग्रेस संगठन की मजबूती एवं अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को कांग्रेस संगठन से जोड़ने और उसके विचारधारा को लेकर चर्चा की गई है। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ राजेश सोमकुँवर ने कहा कि जब से केंद्र एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से निरंतर अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों पर अन्य अत्याचार हो रहा है। बेरोजगारी बिजली सड़क पानी की चिंता को छोड़कर भाजपा के नेता सिर्फ घोषणाएं करने में लगे हुए है। आगामी समय में होने वाले चुनाव के लिए अभी से भाजपा सरकार की अनुसूचित जाति जनजाति के लिए जो नीति अपनाई जा रही है उन नीतियों को आम जनमानस तक पहुंचना है। ताकि भाजपा का एससी एसटी विरोधी असली चेहरा समाज और देश के सामने आ सके। इस दौरान कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ एवं एससी सेल प्रमुख विनोद गजभिये, गुलशन गजभिये,प्रेमराज गजभिये,लेखराज डोंगरे,कंचन कामले,आदि उपस्थित थे।

## आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

आदिवासी क्षेत्र की होनहार प्रतिभाएं अपने आप को लगातार निखार रही है संसाधनों के अभाव में भी क्षेत्र के विद्यार्थी अपना परचम लहरा रहे हैं। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमुआ में प्राचार्य सीके सातनकर एवं कक्षा शिक्षक कमलेश उईके के मार्गदर्शन में बीते दिनों घोषित हुए कक्षा 12वीं कला संकाय के परिणाम में स्कूल की छात्रा आरजू कुरैशी ने जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर दमुआ क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। वहीं वर्तमान में स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा वैशाली सोनी ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल एवं विकासखंड को गौरवान्वित किया है। दोनों छात्राओं का सम्मान जिला एवं राज्य स्तर पर किया गया है। विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल प्रबंधन सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### पॉक्सो एक्ट के भयानक दुष्प्रभाव रोकने मांग ज्ञापन

**छिंदवाड़ा।** सामाजिक कार्यकर्ता एव राजनीतिक विश्लेषक भगवानदीन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर पॉक्सो एक्ट के भयानक दुष्प्रभाव रोकने की माँग की। ज्ञापन में बताया कि एक षड्यंत्र के तहत भारत विश्वगुरु ना बने, सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार पूरे विश्व में ना हो, विश्व के समस्त प्राणी सुखी, स्वस्थ और समानित जीवन ना जिएं, हिन्दुओं की घर वापसी ना हो, इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए धर्मांतरण के पक्षधर रहे लोगों ने 14 नवम्बर सन 2012 को बाल दिवस के दिन सभी राजनीतिक पार्टियों के सहयोग से संसद में पॉक्सो एक्ट कानून बनाया। ज्ञापन देते समय आधुनिक चिंतन हरशूल रघुवंशी, राष्ट्रीय बजरंग दल के नितेश साहू, कुंबी समाज के युवा नेता अंकित ठाकरे, साहू समाज के ओमी साहू, कलार समाज के बबलू माहोरे, कुंबी समाज के मार्गदर्शक सुभाष इंगले, आई टी सेल के प्रभारी भूपेश पहाड़े, ओम प्रकाश डहेरिया, अश्विन पटेल, अशोक कराडे, नारायण ताम्रकार, रामराव लोखंडे आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## ऑब्जर्वर खलिक ने एक दिन में कांग्रेस की ली 6 बैठकें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज स्थानीय धनुष लॉन में संगठन सृजन अभियान के तहत पांढुर्ना जिला के कांग्रेस ऑब्जरर्वर ने कांग्रेस के अलग अलग 6 संगठनों की बैठकों संबोधित कर उन्हें मार्गदर्शन किया। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर्यवेक्षक अब्दुल खलिक, मप्र कांग्रेस महासचिव रामू टेकाम, प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी, सेंधवा विधायक मोंटू सोलंकी प्रमुख अतिथि के रूप में इन बैठकों में उपस्थित रहे। आज दिन में 11 बजे युवक कांग्रेस, 12 बजे आदिवासी कांग्रेस, 1 बजे अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, 2 बजे महिला कांग्रेस, 3 बजे किसान कांग्रेस तथा 4 बजे पिछडा वर्ग कांग्रेस की बैठक धनुष लॉन में संपन्न हुई। इस बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश झलके, सौंसर विधायक विजय चौरे, पांढुर्ना विधायक निलेश उईके, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष सुनील बुधराजा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विश्वास कांबे, ब्लॉक समन्वयक मनोहर सिंह ठाकुर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे तथा राजीव गांधी पंचायत राज जिला अध्यक्ष रवि खापरे के अलावा कांग्रेस के सभी संगठनात्मक पदाधिकारी वरिष्ठ, युवा नेता एवं महिला संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डॉ. रश्मि नेमा को मिला एलटीबी राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार

**छिंदवाड़ा।** भारत सरकार के राष्ट्रीय आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति आयोग द्वारा आयोजित ‶एलटीबी राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार – 2025 कार्यक्रम में छिंदवाड़ा की आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि नेमा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पूर्व राज्यपाल एवं निक्षय मित्र माननीय अनुसुइया उइके जी के कर - कमलों से प्रदान किया गया।गरिमामय अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन एवं अलका शुक्ला सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी, आयुष विभाग के प्रतिनिधि तथा चिकित्सा जगत के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।आपको बता दें कि डॉ. रश्मि ने छिंदवाड़ा एवं जयपुर में 501 लेटेन्ट ट्यूबरकुलोसिस स्कैन कर ‶एंड एलटीबी″ अभियान को नई दिशा और गति प्रदान की। उनके द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियानों एवं अथक प्रयासों ने राष्ट्रीय स्तर पर अभियान को मजबूती दी। प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया गया डॉ. रश्मि नेमा को 'एंड एलटीबी' अभियान में उनके अद्वितीय योगदान हेतु यह सम्मान प्रदान किया जाता है। 501 स्कैन कर इस अभियान को नई दिशा देना आपकी जागरूकता एवं समर्पण प्रेरणादायक है।

### आदेश आते ही अध्यक्ष ने एकतरफा किया कार्यमुक्त

# नगरपालिका सीएमओ दिशा डेहरिया का स्थानांतरण

### बालाघाट नपा के राजस्व उप निरीक्षक उके होगे नये प्रभारी सीएमओ



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगरपालिका परिषद वारासिवनी की प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिशा डेहरिया का आज वारासिवनी से चौरई उनके मूल पद राजस्व उप निरीक्षक पर स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थानांतरण आदेश की सूची जारी होते और सोशल मीडिया पर वायरल होने और नगरपालिका में पहुँचने के साथ ही नगरपालिका कार्यालय में अध्यक्ष व पार्षदों के पहुँचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। उसके बाद आनन फानन में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने उनका कार्य मुक्ति प्रमाण पत्र बनवा कर जारी कर दिया और उनके स्थान पर कार्यवाहक सीएमओ का प्रभार लिपिक राजेन्द्र बोकड़े को दे दिया गया हैं। वहीं देर रात तक शासन की ओर से जारी दूसरी सूची में बालाघाट नगरपालिका में पदस्थ राजस्व उपनिरीक्षक सूर्य प्रकाश उके को वारासिवनी नगरपालिका का प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी बनाया गया हैं। जो संभवतः 19 जून को वारासिवनी आकर अपना पदभार ग्रहण करेगे।

### 17 जून को जारी हुआ हैं आदेश

विदित हो कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग मध्यप्रदेश शासन के उपसचिव प्रमोद कुमार शुक्ला द्वारा 17 जून को 7 अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश की सूची जारी की गई हैं। जिसमें वारासिवनी नगरपालिका की प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिशा डेहरिया को उनके मूल पर राजस्व उप निरीक्षक पर छिंदवाड़ा जिले की चौरई नगर परिषद में स्थानांतरित कर दिया गया हैं।

### विधायक, पूर्व विधायक, अध्यक्ष व पार्षदों से नहीं बैठ रहा था तालमेल

उल्लेखनीय हैं कि पिछले कुछ समय से सीएमओ दिशा डेहरिया के स्थानांतरण की चर्चाएँ बहुत तेजी से चल रही थी। जिसके पीछे प्रमुख कारण के रुप में उनका वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षदों से तालमेल नहीं बैठ पाना माना जा रहा था। चर्चा हैं कि वर्तमान व पूर्व विधायक दोनों ही सीएमओ दिशा डेहरिया की कार्यप्रणाली से बेहद नाराज चल रहे थे। उन पर आरोप लग रहे थे कि वह वर्तमान विधायक के मामले में प्रोटोकाल का लगातार उल्लंघन कर रही थी और दूसरी ओर पिछले कुछ समय से वह पूर्व विधायक की बातों को भी तवज्जो ना देते हुए अपनी मनमानी कर रही थी। जिसके कारण दोनों ने ही उनके स्थानांतरण के लिए पूरा जोर लगा रखा था।

### अध्यक्ष व पार्षद नहीं आते थे नपा कार्यालय

यहॉ तक कि अध्यक्ष सरिता दांदरे व पार्षदों की बातों को भी उनके द्वारा नजरअंदाज किये जाने की चर्चाएँ आम हैं। जिसके कारण अधिकांश पार्षदों व अध्यक्ष ने नगरपालिका कार्यालय में आना ही छोड़ दिया था। जब कभी परिषद की बैठक होती थी, तभी पार्षदगण नगरपालिका कार्यालय पहुँचते थे।

### हाईकमान से संबंधों में तल्खी भी बनी एक कारण

वैसे तो नगरपालिका में अध्यक्ष व पार्षदगण अपने हाईकमान के आदेशों पर ही अमल करते हैं और जब तक सीएमओ के हाईकमान से अच्छे संबंध थे, तब तक उनको किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन जबसे हाईकमान से उनके संबंधों में तल्खी आने की चर्चाओं ने जोर पकड़ा, तब से ही उनके स्थानांतरण की चर्चा भी जोरों पर थी।

### हाईकमान के आदेश पर एकतरफा कार्यमुक्त करने की चर्चाएँ आम

आज 17 जून को उनके स्थानांतरण का आदेश नगरपालिका परिषद में पहुँचने के बाद जिस प्रकार ताबड़तोड़ तरीके से एकतरफा नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे उनका कार्यमुक्ति आदेश जारी किया, उससे स्पष्ट समझ आ रहा हैं कि उनके द्वारा अपने हाईकमान के निर्देश पर ही यह कार्यवाही की गई हैं। क्योंकि जिस अध्यक्ष द्वारा आज तक सीएमओ के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं हुई, उसके द्वारा तत्काल ही प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एकतरफा सीएमओ को कार्य मुक्त कर देना, साफ साफ इशारा कर रहा हैं कि उन्हें उनके आका की ओर से आदेशित किया गया होगा, उसके बाद ही उनके द्वारा यह कदम उठाया गया हैं।

वहीं 18 जून को नगरपालिका कार्यालय में एक सादे समारोह में सीएमओ दिशा डेहरिया को कर्मचारियों द्वारा बिदाई दी गई हैं और वह अब अपने नये स्थान के लिए रवाना हो गई हैं।

### समाधान नहीं होने पर पार्षद ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

# कालीमाटी नाले के पास से कचरा हटाने के लिए ग्रामीणों ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज लांजी।

भारत में बीते दशक स्वच्छता को लेकर एक क्रांति शुरू हुई। इसमें गांवों के घर-घर में शौचालय बने, हर दफ्तर और स्कूलों में स्वच्छता की मुहिम शुरू हुई है, इस मुहिम के लगभग 10 साल पूरे हो गए लेकिन क्या हुआ कितना सुधार हुआ इसका आकलन कैसे होगा? शायद अपने आसपास देखकर या नगर पालिका या नगर परिषद के कामों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह वेस्ट मैनेजमेंट कैसे करते हैं। इसका अंदाजा लांजी नगर परिषद द्वारा कालिमाटी नाले के पास पड़े कचरे को देख कर लगाया जा सकता है जहां खुले में कचरा फैला हुआ है। जिससे आसपास के लोग परेशान हो रहे है।







नगर परिषद के कचरे के डंप की दुर्गंध से आसपास के रहवासी परेशान है। वहीं, बारिश के आने के बाद उनकी परेशानी और बढ़ सकती है। ऐसे में वह बीमार हो सकते हैं। उक्त समस्या को लेकर वार्ड पार्षद दिनेश कचवाहे और किसानों के द्वारा लांजी नगर परिषद सीएमओ को ज्ञापन भी दिया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है, तथा नगर परिषद द्वारा जल्द समाधान नहीं किये जाने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### नगर परिषद लांजी का वेस्ट मैनेजमेंट का ये है तरीका

नगर मुख्यालय से करीब 3 किलोमीटर दूर कालीमाटी ग्राम से लगकर लांजी नगर परिषद का कचरा संग्रहण केंद्र है, जहां पर कचरा संग्रहण और निपटान पर सवाल उठ रहे है। सवाल ये है कि शासन एक तरफ सफाई के लिए अपनी पीठ थपथपा रहा है और दूसरी तरफ नगर परिषद लांजी में कचरा निष्पादन केंद्र खुले में है। इतना ही नहीं ये अंतर्राज्यीय सड़क लांजी से भिलाई जाने वाली सड़क के बिल्कुल किनारे है। ऐसे में खुले कचरे की बदबू से यात्रियों का हाल बेहाल हो जाता है।

### कालीमाटी मार्ग में फेंके जा रहे कचरे का उचित निराकरण करे सीएमओः श्री मीणा

मंगलवार 17 जून को जनसुनवाई में तहसील लांजी अंतर्गत ग्राम कालीमाटी द्वारा समस्त ग्रामीणजनों की ओर से शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि नगर परिषद द्वारा लांजी से रिसेवाड़ा मुख्य मार्ग कालीमाटी एवं नीमटोला के बीच जो कूड़ा कचरा फेंका जाता है। उसका शीघ्रता से निराकरण कराया जाए। जिसका संज्ञान लेते हुए कलेक्टर श्री मीना ने सीएमओ लांजी को विशेष रूप से इस पर ध्यानाकर्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। चूँकि यह रोड़ लांजी से छत्तीसगढ़ को जोड़ती है। वहीं इसके अलावा ग्रामीणों को इससे हो रही परेशानिया एवं अलग-अलग तरह की बीमारियों का भी शिकार बना सकती है। इसलिए इसका शीघ्रता से निराकरण करना सुनिश्चित करना होगा।

# खैरलांजी जनपद में स्वीकृत 377 खेत तालाब निर्माण होने से मजदूरों को रोजगार उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

जल संरक्षण को बढ़ावा देने एवं बारिश के जल को स्थिर करने के साथ साथ ही भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खैरलांजी जनपद की 62 ग्राम पंचायतो में करीब 377 खेत तालाब का निर्माण कार्य किया जा रहा है ।जिनका कार्य प्रगति की ओर है। बताया गया की यह खेत तालाब मनेरेगा योजना से स्वीकृत किए गए है। अधिकतर खेत तालाबो का कार्य पूर्ण हो चुका है। जो कार्य प्रगति की ओर है उनका कार्य 30 जून तक पूर्ण करना है। इन खेत तालाब के निर्माण कार्यो से करीब 2 लाख 94 हजार मानक दिवस के रूप में मजदूरो को रोजगार उपलब्ध किया गया है। जिसका मजदूरी भुगतान भी किया जा रहा है ।बारिश के पानी को रोकने एंव जमीन के जल स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। खेत तालाब निर्माण होने से कृषको को खेती की सिंचाई करने में सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही मछली पालन एंव सिगांडा उत्पादन को बढावा मिलेगा। खेत तालाब का निर्माण कार्यो पूर्ण रूप से तकनीक मापदंड के अनुरूप हो जिसके लिए सेक्टर के उपयंत्री निर्माण कार्यो का स्थल निरिक्षण निरंतर कर रहे है। ताकि खेत तालाब का कार्य समय अवधि में मापदंड अनुरूप पूर्ण हो सके। मनेरेगा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विनोद कुमार बट्टी एंव सहायक यंत्री सुनील हिरकने के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए सतत प्रयास कर रहे है। विगत दिवस जनपद में खेत तालाब निर्माण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी जिसमे खेत तालाब एंव अन्य निर्माण कार्यो की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी बिंदुवार सचिव एंव रोजगार सहायको से अधिकारी के द्वारा ली गई थी। और शीघ्र खेत तालाबो का कार्य पूर्ण करने के लिए कहा गया। खेत तालाबो के बनने से कृषक लाभान्वित होंगे साथ हि खेति में लगी फसल की सिंचाई करने में सुविधी होगी एंव जल स्तर में बढौतरी होगी।



### अमोली में हुआ विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

**वारासिवनी।** तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वाधान में ग्राम पंचायत अमोली में सुश्री नेहा बाथरी न्यायिक मजिस्टेट्र प्रथम श्रेणी वारासिवनी की अध्यक्षता में ग्रामीणजनों की उपस्थिति में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिविर में उपस्थित ग्रामीणजन को सुश्री नेहा बाथरी ने बताया कि विधिक जागरूकता शिविर का अर्थ कानूनी जागरूकता शिविर है। यह एक ऐसा कार्यक्रम हैं, जिसका उद्देश्य लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में शिक्षित करना है। विधिक साक्षरता का एक आशय यह भी है कि लोगों को कानून से संबंधित सामान्य बातों से परिचय कराकर उनका सशक्तिकरण करना है।

## खबर संक्षेप

### तालाब से मजदूर का शव मिला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के मोहगांव कटिया के तालाब से मजदूर का शव मिला है। मृतक की पहचान धीरज परते (35) के रूप में हुई है। वह मोहगांव कटिया का रहने वाला था। स्थानीय लोगों को सुबह जंगल की ओर जाते वक्त तालाब में एक शव दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। किंदरई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से निकलवाया और पंचनामा की कार्रवाई की। मृतक धीरज परते मजदूरी का काम करता था। उसके दो बेटे और एक बेटी हैं। वह जंगल से लकड़ी लेने गया था, जहां से उसका शव तालाब में मिला। किंदरई थाना प्रभारी जी.एस. राजपूत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# स्वयं को पटवारी बताकर विवादित जमीन नाम कराने के नाम पर दिव्यांग महिला से की ठगी

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता दिव्यांग व निश्क्त वर्ग के व्यक्तियों की समस्याओं को लेकर विशेष रुप से संवेदनशील है एवं त्वरीत कार्यवाही हेतु तत्पर रहते है।**

### आरोपी गिरफ्तार 9000 रुपये एवं एक मोबाईल फोन जप्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17/06/25 को जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक के समक्ष एक महिला श्रीमती रोशनी इवनाती पति संतोष इवनाती निवासी नगझर थाना डूण्डासिवनी की अपनी पारिवारिक पैतृक जमीन संबधी मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुची जिसका केस सिविल कोर्ट में चल रहा है पूँछताँछ पर मालुम पड़ा कि एक व्यक्ति ने स्वंय को पटवारी बताकर उक्त महिला का जमीनी निराकरण करा देने का झांसा देकर महिला से 12400 रुपये की ठगी कर ली है जो अब पैसे लेकर काम करने में आना-कानी कर रहा है अधिक पूँछताँछ पर मालूम हुआ कि अप्रैल माह एक व्यक्ति पीडित महिला के ससुराल ग्राम नगझर आया और स्वंय को पटवारी सौरभ उइके बताकर खेत का खसरा नक्शा देखकर उसके साथ उसके मायके ग्राम ऐरपा गया विवादित खेत देखा और बोला कि यह खेत मै तुम्हारे नाम करवा दूगां बोलकर एक बार में 2400 रु. एवं उसके 15 दिन बाद 10 हजार रुपये लिया।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त तथाकथित पटवारी को पकडते हुए महिला को न्याय दिलाने हेतु आदेशित किया गया। उक्त शिकायत में एएसपी गुरुदत्त शर्मा एवं सी.एस.पी श्रीमती पूजा पाण्डे ने विशेष रुची लेते हुए थाना प्रभारी डूण्डासिवनी के माध्यम से शिकायत पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त तथाकथित पटवारी को हिरासत में लेकर पूँछताँछ करने पर पता चला कि वह कोई पटवारी नही है ग्राम बिहरीया थाना बंडोल का कन्हैया कुमार बोरकर नामक व्यक्ति है जिसने उक्त महिला के साथ खेती जमीन विवादित नाम कराने के नाम पर ठगी किया है। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डूण्डासिवनी में आरोपी के विरुध्द अप.क्र. 221/25 धारा 318,319 बी.एन.एस. का कायम कर विवेचना में लिया गया आरोपी को गिरफ्तार कर मान. न्याय. पेश किया गया।



# 28 टन ज्वलनशील तरल बेंजीन से भरा टैंकर कुरई घाटी में पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जबलपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में कुरई घाटी फोरलेन के मोड़ पर मंगलवार शाम इंडियन आयल कंपनी का टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुघर्टना में कोई जनहानि नहीं हुई है।
लेकिन दुघर्टना के बाद टैंडर में भरी ज्वंलनशील तरल बेंजीन (गैस) का रिसाव शुरू हो गया है, जिसे रोकने फायर ब्रिगेट से पानी का छिड़काव कर दुघर्टना के बाद आंशिक रूप से खुले टैंकरों के ढक्कतों को बंद कर इसे सीधा करने का प्रयास किया जा रहा है। टैंकर अनियंत्रित होकर पलटने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए कुछ देर के लिए हाईवे में वाहनों का आवागमन रोका गया। हालांकि, बाद में वाहनों की आवागमन बहाल हो गया। जानकारी के अनुसार इंडियन आयल कंपनी का टैंकर ज्वंलनशील तरल बेंजीन (गैस) लेकर हरियाणा से कर्नाटक जा रहा था, जो राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 में इको फ्रेंडली फोरलेन हाईवे में मंगलवार शाम 4.30 बजे पलट गया।

**जिम्मेदार समय रहते देते ध्यान तो नही होता यह हाल**



# रेल्वे अंडर ब्रिज बना परेशानी का सबब

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कान्हीवाड़ा-कलारबांकी मार्ग पर रेलवे स्टेशन के समीप बना रेल्वे अंडर ब्रिज अपने निर्माण के समय से ही परेशानी का सबक बना हुआ है। यहां थोड़ी सी बारिश होने पर ही पानी का जमाव हो जाता है जिससे लोगों को विशेषकर विद्यार्थियों को आने जाने में भारी परेशानी होती है। बरसात से पहले रेल्वे की उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पानी निकासी की व्यवस्था के लिए नाली खुदाई, मोघे डालने आदिका काम हुआ लेकिन यह काम सही तरीके से नहीं होने के चलते परेशानी का सबब बन गया है। खोदी गई मिट्टी पूरे अंडर ब्रिज के नीचे रोड में जम गई है। बारिश होने के चलते कीचड़ हो गया है जो फिसलन भरी स्थिति पैदा कर रहा है। जिसके चलते राहगीरो,वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है, गाड़ियों के फिसलने से हादसे से हो रहे हैं। जिम्मेदार आंख मूंदे अपनी संवेदनहीनता का प्रदर्शन कर रहे हैं।

# अच्छी खबर: अब मिनटों में बनेगा पासपोर्ट, हर चीज हुई आटोमेटिक, बचेगा समय

**सिवनी समेत पूरे मध्यप्रदेश में पासपोर्ट सेवा का नया सिस्टम लागू हुआ है। इसके तहत अब फोटोज ऑटो क्रॉप और सिग्नेचर पेपरलेस, अपॉइंटमेंट और फॉर्म भरना हुआ आसान।पासपोर्ट बनवाने वालों के लिए अच्छी खबर है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पासपोर्ट सेवा केंद्र ने नया सॉफ्टवेयर पीएसपी 2.0 अपडेट किया है। इससे पासपोर्ट बनवाना सरल होने के साथ-साथ कम समय में बन सकेंगे। इस नए सॉफ्टवेयर को पीओपीएसके ग्वालियर सहित पूरे मध्यप्रदेश में जून माह के बाद से लागू कर दिया गया है।




### अभी इन जगह मिल रही सुविधा

फिलहाल मध्यप्रदेश के सिवनी,छिंदवाड़ा, ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, होशंगाबाद, बैतूल, बालाघाट, छतरपुर, दमोह, देवास, धार, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, शहडोल, टीकमगढ़, विदिशा, गुना, भिंड में पासपोर्ट सेवा केंद पर काम जारी है।

### ये किए गए बदलाव

जैसे पूर्व में पासपोर्ट बनवाने वालों के सिग्नेचर पहले पेपर पर कराए जाते थे, अब ये सिग्नेचर पेड पर कराए जा रहे हैं। इससे पेपरलेस काम होने लगा है। पासपोर्ट बनवाने वाले का फोटो जल्दी ही क्लिक होकर ऑटोमेटिक तरीके से क्रॉप हो रहा है। इससे छोटे बच्चों को आने वाली परेशानी से निजात मिलेगी।फोटो खींचने के साथ ही फॉर्म पर चिपक रहा है।

### पासपोर्ट सेवा का पोर्टल भी नए कलेवर में

केंद्रीय मंत्रालय ने पासपोर्ट सेवा के पोर्टल में बदलाव कर दिए हैं। पहले पोर्टल पर अपॉइंटमेंट की उपलब्धता देखने पर एक साथ सभी शहर दिखाई देते थे लेकिन अब नए रूप में हर शहर में अपॉइंटमेंट की उपलब्धता को अलग-अलग तरीके से शो किया जा रहा है। इससे पासपोर्ट बनवाने वालों को आसानी हो रही है। पोर्टल का पूरा पेज बदला गया है। साथ ही पूर्व में पोर्टल पर एक आईडी पर पांच फॉर्म भरे जाते थे, अब उसमें 10 फॉर्म तक भरे जा सकेंगे।

# गांव-गांव में शराब बिकवा रहा दबंग शराब ठेकेदार

### शराब ठेकेदार पर जनपद सदस्य ने लगाए गम्भीर आरोप

**हरिभूमि न्यूज घंसौर** / जिले के विकासखंड घंसौर के गांव गांव अंग्रेजी एवं देशी शराब की बिक्री हो रही है इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए ऐसा कहना है जनपद पंचायत घंसौर की भिलाई क्षेत्र से निर्वाचित जनपद सदस्य स्वाति राजपूत का।
उन्होंने गांव गांव में शराब बिक्री का विरोध करते हुए बताया की क्षेत्र के हर गांव गांव एवं घरों घर में जमकर शराब की अवैध बिक्री की जा रही है और शराब ठेकेदार द्वारा लगातार अवैध तरीके से खुलेआम परिवहन करते हुए शराब गांव गांव तक पहुंचाई जा रही है जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगड़ रही है और युवाओं को शराबखोरी की लत लग रही है।
स्वाति राजपूत का कहना है कि इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए एवं पुलिस को इस ओर ध्यान देना चाहिए कि क्षेत्र में इस समय दबंग शराब ठेकेदार के गुर्गो के द्वारा दिनदहाड़े शराब की बड़ी बडी खेप गांव गांव तक भेजी जा रही है जिसका विरोध करते हुए भिलाई क्षेत्र की सजक एवं जागरूक जनपद सदस्य स्वाति राजपूत ने पुलिस विभाग और आबकारी विभाग के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की बात कही


जनपद सदस्य स्वाति राजपूत

# पेंचवेली एक्सप्रेस के नैनपुर तक विस्तार देने में पिट लाइन का पेंच

**रेलवे बोर्ड के आदेश के छह दिन बाद भी पेंचवेली एक्सप्रेस का परिचालन नैनपुर तक शुरु नहीं हो पाया है। ऐसे में लोगों का इंतजार बढ़ता जा रहा है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बताया जा रहा है कि रेलवे बोर्ड ने भले ही पेंचवेली एक्सप्रेस को नैनपुर तक चलाने का फैसला ले लिया है, लेकिन इसमें पेंच फंस रहा है। दरअसल अब तक पेंचवेली एक्सप्रेस की बोगियों में साफ-सफाई एवं मेंटनेंस का काम इंदौर में किया जाता था, लेकिन नैनपुर तक ट्रेन के विस्तार देने से सफाई इतवारी में कराए जाने की बात कही जा रही है। जबकि इतवारी में जगह की समस्या है। हालांकि रेलवे अधिकारी इस समस्या के समाधान में जुटे हुए हैं। दरअसल 12 जून को रेल मंत्रालय द्वारा पेंचवेली एक्सप्रेस को नैनपुर तक चलाने का निर्णय लेते हुए संबंधित रेलवे विभाग के अधिकारियों को पत्र जारी किया था। हालांकि पत्र में ट्रेन के चलाने को लेकर तिथि एवं स्टॉपेज को लेकर जिक्र नहीं किया गया था। नैनपुर तक पेंचवेली एक्सप्रेस के चलाए जाने की खबर से लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। हालांकि छह दिन बाद भी न ही विस्तृत समय-सारणी जारी की गई और न ही तिथि की कोई घोषणा हुई है।

### यह समय किया गया है निर्धारित

रेलवे बोर्ड द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार पेंचवेली एक्सप्रेस(19343) इंदौर से प्रतिदिन दोपहर 1.05 बजे रवाना होगी और छिंदवाड़ा रात 3.20 बजे, सिवनी सुबह 5 बजे और नैनपुर सुबह 6.30 बजे पहुंचेगी। इस बीच इस ट्रेन का अन्य स्टेशनों पर भी स्टापेज रहेगा। इसके बाद पेंचवेली एक्सप्रेस(19344) प्रतिदिन शाम 7 बजे नैनपुर से रवाना होगी और रात 8.18 बजे सिवनी पहुंचेगी। यहां पांच मिनट ट्रेन का स्टॉपेज रहेगा। इसके बाद पेंचवेली एक्सप्रेस रात 8.23 बजे छिंदवाड़ा होते हुए इंदौर के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन रात 10.20 बजे छिंदवाड़ा पहुंचेगी। छिंदवाड़ा में इस ट्रेन का स्टॉपेज अब 10 मिनट का ही होगा। इसके अलावा अन्य स्टेशनों पर स्टॉपेज को लेकर अभी समय-सारणी आनी बाकि है।

### 64 किमी की दूरी दो घंटे में

रेलवे बोर्ड द्वारा जारी किए गए समय-सारणी अनुसार पेंचवैली एक्सप्रेस प्रतिदिन सिवनी से रात 8.23 बजे रवाना होगी और छिंदवाड़ा रात 10.20 बजे पहुंचेगी। यानी यह ट्रेन 64 किमी की दूरी दो घंटे में तय करेगी। जबकि अन्य एक्सप्रेस ट्रेन लगभग एक घंटे में ही यह दूरी तय कर लेती है। ऐसे में अंदेशा जताया जा रहा है कि इस ट्रेन का सिवनी से छिंदवाड़ा के बीच कई स्टेशन पर स्टॉपेज रहेगा।

### एक ही समय में रहेगी कई ट्रेन

पेंचवेली एक्सप्रेस का परिचालन उसी समय किया जा रहा है जिस समय नैनपुर से सिवनी होते हुए छिंदवाड़ा एवं छिंदवाड़ा से सिवनी होते हुए नैनपुर तक पैसेंजर ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। वहीं अब बोर्ड ने बैतूल-छिंदवाड़ा पैसेंजर ट्रेन के परिचालन में भी बदलाव किया है। यह ट्रेन प्रतिदिन सिवनी से सुबह 5.30 बजे रवाना होगी और सुबह 7.10 बजे छिंदवाड़ा पहुंचेगी और इसके बाद छिंदवाड़ा से बैतूल के लिए सुबह 8 बजे रवाना होगी। वही बैतूल से दोपहर 4 बजे रवाना होगी और यह ट्रेन छिंदवाड़ा रात 8.30 बजे और सिवनी रात 10.30 बजे पहुंचेगी। रेलवे से जुड़े जानकारों के अनुसार एक ही समय में कई ट्रेनों के परिचालन से भी समस्या आएगी। कई ट्रेरनों का परिचालन प्रभावित होगा।

# बरघाट पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ विक्रय के लिये रखे आरोपी के विरूध्द की गई कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के द्वारा जिले मे चल रहे अवैध गतिविधियो पर नियत्रंण व वैधानिक कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना / चौकी प्रभारीयो को निर्देशित किया गया है। दिनांक 17/06/2025 को बरघाट पुलिस को मूखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम कौडिया जंगल ढाबा के पास अवैध मादक पदार्थ गांजा विक्रय के आशय से रखा हुआ है।
उक्त सूचना की प्राप्ति पर पुलिस अधीक्षक सुनिल मेहता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी.शर्मा के द्वारा निर्देशित करने पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री ललित गठरे के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को मय पुलिस स्टाफ के सूचना पर तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया। थाना प्रभारी बरघाट के नेतृत्व में तत्काल थाना स्तर पर पुलिस टीम द्वारा मूखबिर बताए गये स्थान ग्राम कौडिया जंगल ढाबा के पास पहुंचे जो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर लुक छिप रहा था जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपना नाम राजेश पिता मेहताब बोपचे उम्र 56 साल निवासी ग्राम कौडिया थाना बरघाट का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे मे रखी पोलेथिन को गवाहो के समक्ष चेक करने पर करीब 175 ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती करीब 300 रूपये का गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस. एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी के विरूध्द विधिवित कार्यवाही की गई है।
नाम पता आरोपी - राजेश पिता मेहताब बोपचे उम्र 56 साल निवासी ग्राम कौडिया थाना बरघाट
जप्त संपत्ति (1) 175 ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 3,000 रूपये।

### जिला कांग्रेस मनायेगी राहुल गांधी का जन्मदिन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय कॉग्रेस कमेटी के महासचिव लोकप्रिय नेता राहुल गांधी जी का जन्मदिन दिनांक 19/06/2025, दिन गुरूवार को जिला कॉग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में दोपहर 12 बजे मनाया जाएगा। तत्पश्चात राहुल गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रंजीत बघेल द्वारा वृद्ध आश्रम जाकर फल वितरण किया जाएगा। जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने समस्त कॉग्रेस जनों से कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु अपील की है।

### संपन्न हुई हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की द्वितीय अवसर की परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित द्वितीय अवसर की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 अंतर्गत दिनांक 17 जून 2025 को विषय हिन्दी की परीक्षा जिले के 20 परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। जिसमें हाई स्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा में दर्ज 528 विद्यार्थियों में से 496 उपस्थित तथा 32 अनुपस्थित पाये गए। वहीं हायरसेकेण्डरी की हिन्दी विषय की परीक्षा में दर्ज 408 विद्यार्थियों में से 383 उपस्थित तथा 25 अनुपस्थित पाये गये। वहीं नकल प्रकरण निरंक रहा। जिला स्तर पर परीक्षा के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर उड़न दस्ता दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई।

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा बताया गया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये नवीनीकरण आवेदन करने के लिए पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एमपीटास पोर्टल प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी एमपीटास पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकते हैं।

### "गिफ्ट ए डेस्क" मुहिम में सहभागी बनने वाले दानदाताओं को जिला प्रशासन द्वारा प्रेषित किया जा रहा आभार पत्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा जिलें के प्रत्येक शासकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को सुविधाजनक डेस्क बैंच की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लेकर "गिफ्ट ए डेस्क" मुहिम प्रारंभ की गई है। इस मुहिम में जिले में बड़ी संख्या में दानदाता सहभागिता कर स्कूलों को डेस्क गिफ्ट कर रहें हैं। मुहिम में सहभागी बनने वाले जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों (दानदाताओं) को जिला प्रशासन द्वारा आभार पत्र प्रेषित किया जा रहा है। इस पुनित कार्य में अन्य इच्छुक दानदाता **https://sites.google.com/view/gift-desk/home** में अपना पंजीयन कराकर अपनी इच्छानुरूप स्कूल में डेस्क गिफ्ट कर सकते हैं।

# भारतीय सेना के रिटायर्ड T-55 टैंक को स्थानीय पेंटर कलाकारों द्वारा फिर दिया जा रहा उसका गौरवशाली रंग रूप

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय सेना के द्वारा मातृ शक्ति संगठन को सम्मान में दिया गया युद्धक टैंक T-55 को स्थानीय पेंटरों द्वारा उसके वास्तविक युद्धकालीन रंग में पुनः रंगने के प्रयास की जितनी सराहना की जाये वो कम होगी: जिला कलाकार संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य दिनेश ठाकुर, शरद नामदेव, संजय पटेल, राजेश बनवारी, प्रसून यादव, ऋषि प्रकाश यादव एवं अजय सतनामी ने संगठन अध्यक्ष सीमा चौहान से मुलाक़ात कर इक्छा जताई थी की वो ₹टैंक T55₹ को उनकी निःशुल्क मेहनत से उसे वास्तविक रूप देना चाहते हैं। उन्हें देश प्रेम की इस अलौकिक मिसाल में सहयोगी बनने का मौका दिया जाए। ज्ञात हो भारतीय सेना द्वारा युद्ध पारितोष टैंक T55 उसके कार्यकाल मे 17 ऑपरेशन एवं 3 युद्धओं मे विजय पताका लहरा चुका हैं।

**भारतीय सेना की सेवा से रिटायर्ड हो चुके**
ऐतिहासिक युद्धक ₹टैंक T-55₹ को एक बार फिर उसकी गौरवशाली पहचान दिलाने का श्रेय उन कुशल स्थानीय पेंटर कलाकारों को जाता है,जो दिन-रात मेहनत कर उसे उसके वास्तविक युद्धकालीन रंग और रूप में जीवंत करने मे जुट गए हैं। इस बहुप्रशंसित पहल के अंतर्गत, सेना के गौरवशाली इतिहास को दर्शाने वाले इस टैंक को पूरे सम्मान के साथ सहेजा जायेगा। कलाकारों ने न सिर्फ सैन्य मानकों के अनुरूप रंगों का चयन किया, बल्कि हर एक रेखा और छायांकन को ऐतिहासिक सटीकता से संजोने का निर्णय लिया हैं। टैंक की पेंटिंग भारतीय सेना की मान्यता प्राप्त रंग स्कीम के अनुसार की जा रही हैं।



**यह टैंक अब एक स्मारक और प्रेरणा स्रोत के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।**

भारतीय सेना के वीरतापूर्ण इतिहास का प्रतीक है। हमारे स्थानीय पेंटर कलाकारों ने जिस समर्पण और बारीकी से इसे पुनः वास्तविक रूप देने का प्रण किया हैं वह केवल एक तकनीकी कार्य नहीं, बल्कि देशभक्ति की एक अभिव्यक्ति है।"
यह पहल न केवल सैनिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, बल्कि कला और राष्ट्रप्रेम के अद्वितीय संगम का उदाहरण भी है। इस ऐतिहासिक कार्य मे कोई कमी ना रह जाए इसलिए सीमा चौहान द्वारा लगातार सैन्य अधिकारियों से भी मार्गदर्शन लिया जा रहा हैं।

# कार चालक को पीछे से ट्रक ने मारी टक्कर, चालक सहित 7 घायल





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना डूडा सिवनी क्षेत्र अंतर्गत नगझर के पास राजस्थानी ढाबा के सामने एक सड़क दुर्घटना हुई है जिसमें एक कार चालक को पीछे से ट्रक वाले ने टक्कर मार दी है कार चालक का परिवार(चालक सहित 7 लोग)पांढुर्णा से लखनादौन जा रहा था जो की एक लखनादौन में स्टाफ नर्स है एक घायल नागपुर रेफर है ,01 को सामान्य चोट है आवागमन सामान्य कर ट्रक को थाना ले जाया गया है : वसुंधरा डोने स्टाफ नर्स 48 वर्ष भाई चंद्रकांत डोने 35 वर्ष अन्य पांच लोग सवार थे पांढुर्णा से लखनादौन जा रहे थे भाई नागपुर रेफर. कर तीन-चार क्वालिटी खाई।

नौकरी से निकालने की धमकी; मानदेय भी नहीं मिला

# आशा कार्यकर्ता से दुर्व्यवहार को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बिरसा विकासखंड के गुदमा क्षेत्र की आदिवासी आशा कार्यकर्ता ललती उइके के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। बीसीएम किशोर डेमुरे ने 14 जून को उन्हें तीन घंटे तक खड़ा रखा और नौकरी से निकालने की धमकी दी।

इस मामले में आशा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक ने मांगों पर विचार कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि बीसीएम की प्रताड़ना से ललती मानसिक तनाव में हैं और बीमार हैं। संघ ने बीसीएम की तत्काल बर्खास्तगी की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

जिले में करीब 2000 आशा कार्यकर्ता दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रही हैं। इन कार्यकर्ताओं को जनवरी से मई तक का मानदेय नहीं मिला है। संघ अध्यक्ष अनिता जामुनपाने ने आरोप लगाया कि बिरसा ब्लॉक में आशा कार्यकर्ताओं से 26 रुपए प्रति व्यक्ति जबरन वसूले गए।

अध्यक्ष ने बताया कि चिकित्सा अधिकारी आशा कार्यकर्ताओं को शाम 6 बजे के बाद आयुष्मान कार्ड बनाने का दबाव बना रहे हैं। इस काम के लिए न तो कोई भुगतान तय है और न ही आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। संघ ने इस कार्य के लिए स्पष्ट दर, मोबाइल उपकरण और लिखित आदेश की मांग की है।

पुराने एजेंडे पर चर्चा न होने से नाराज; नपाध्यक्ष पर अनदेखी का आरोप

# बैठक में चार बीजेपी पार्षदों ने किया वॉकआउट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगरपालिका परिषद की बुधवार को हुई बैठक में भाजपा के चार पार्षदों ने वॉकआउट कर दिया। पार्षद सुधीर चिले, सरिता सोनेकर, श्वेता जैन और राज हरिनखेड़े ने नपाध्यक्ष भारती ठाकुर पर पुराने एजेंडे की अनदेखी का आरोप लगाया।



बैठक में 7 नए प्रस्ताव लाए गए। इनमें हनुमान चौक में 3 करोड़ से नाला निर्माण, काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर के पीछे कॉम्प्लेक्स के दो फ्लोर, रोड सेफ्टी और भटेरा में पाइप लाइन शिफ्टिंग शामिल थे। एक प्रस्ताव को छोड़कर सभी पारित कर दिए गए।

पार्षद सुधीर बोले- योजनाओं पर चर्चा नहीं हुई

पार्षद सुधीर चिले ने कहा कि जनभागीदारी से पास की गई योजनाओं पर चर्चा जरूरी थी। पिछली बैठकों में भी इन मुद्दों पर बात नहीं हुई। पार्षद सरिता सोनेकर ने नगरपालिका में मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वार्डों के काम नहीं हो रहे हैं।

पार्षद राज हरिनखेड़े ने कहा कि नपाध्यक्ष उनके वोट और पार्टी के निर्देश पर कुर्सी पर बैठी हैं। वार्डों में समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि कॉम्प्लेक्स बनाने से पहले कच्ची सड़कों को पक्का करना ज्यादा जरूरी है।

यह पहला मौका है जब सत्ताधारी भाजपा के ही पार्षद नपाध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। पार्षदों का कहना है कि नपाध्यक्ष द्वारा उनका अपमान किया जा रहा है, जो पार्टी और परिषद दोनों के हित में नहीं है।

पत्र मिलने के बाद एसपी ने तहसीलदार को जांच के लिये पत्र लिखने की कही बात

# शिकायत के बाद डाक विभाग से गायब हो गया शिकायत पत्र

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में लामता के एक युवक द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर पोस्टमैन बनने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में जब शिकायतकर्ता ने डाक विभाग बालाघाट से संपर्क किया तो डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पहले तो जांच का हवाला दिया परंतु समय बीतने के साथ शिकायतकर्ता का फोन हीं उठाना बंद कर दिया। जिसके बाद शिकायतकर्ता द्वारा डाक विभाग के अधीक्षक से संपर्क किया तो उनके द्वारा इस मामले में कोई भी आवेदन या शिकायत पत्र प्राप्त होने की बात से सीधे इंकार कर दिया गया। वहीं पूर्व में दिये गये आवेदन का आनन-आनन फानन में जवाब भी 9 माह के बाद रातो रात भेज दिया। इसके बाद जब शिकायकर्ता डाक अधीक्षक के पास अपनी दूसरी शिकायत की प्रति पावती सहित लेकर पहुंचे तो उनके द्वारा इस सवाल का कोई उचित जवाब नहीं था तथा शिकायकर्ता से पुनः शिकायत की प्रति लेकर उसकी छाया प्रति निकलवार कर तहसीलदार को जांच के लिये पत्र लिखने की बात कही गई है।







### जानबूझकर कर शिकायत को किया गया गायब

इस मामले में लामता निवासी आनंद असाटी का कहना है की उनके द्वारा वर्तमान में जिले के मलाजखंड थानांतर्गत डाक विभाग में पोस्टमैन के पद पर पदस्थ लखन असाटी के विरूद्ध फर्जी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी पाने की शिकायत सितंबर 2024 में की गई थी तथा इसके एक सप्ताह पूर्व लखन असाटी के लामता के पदस्थ होने के दौरान भी अनियमितता और कार्य में लापरवाही को लेकर एक शिकायत की गई थी परंतु उक्त दोनो ही शिकायत पर विभाग द्वारा पिछले 9 माह से कोई निराकरण नहीं किया गया था पंरतु परेशान होकर जब मेरे द्वारा मीडिया के माध्यम से अपनी शिकायत की याद दिलाई गई तो विभाग द्वारा एक ही दिन में मुझे पहली शिकायत के निराकरण की जानकारी भेज दी गई परंतु दूसरी शिकायत नहीं मिलने की बात कही जा रही है जबकि दोनो ही शिकायतों की प्राप्ति की पावती मेरे पास उपलब्ध है। ऐसे में अब डाक विभाग में पदस्थ कर्मचारियों द्वारा इतने संगीन मामले में लापरवाही बरतने के कारण एक अयोग्य व्यक्ति द्वारा शासकीय पद में पदस्थ होकर उसका दुरूपयोग किया जा रहा है परंतु उसे रोकने वाला कोई नहीं है।

### तहसीलदार को लिखा जाएगा पत्रः वाय.एल.धनेंद्र

वहीं इस मामले में डाक अधीक्षक वाय.एल. धनेंद्र से संपर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया की मलाजखंड में पोस्टमैन के पद पर पदस्थ लखन असाटी के विरूद्ध एक शिकायत पत्र उन्हें प्राप्त हुआ था जिसके निराकरण की जानकारी उनके द्वारा शिकायतकर्ता को डाक के माध्यम से भेज दी गई थी परंतु दूसरी शिकायत की जानकारी उनके पास नहीं आई थी अब जब शिकायत की प्रति उन्हें प्राप्त हो चुकी है जिसमें डाक विभाग की पावती रसीद भी अंकित है, उनके द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार महोदय को पत्र लिखा जाएगा और मामले की जांच की जाएगी। और जो भी इस मामले में दोषी पाया जाएगा उसके विरूद्ध विभाग के नियमानुसार विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

### जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

**बालाघाट।** जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह शिविर 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले के विभिन्न विकासखंडों में आयोजित किए जा रहें हैं। इन शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान और जनधन खाता खोलने के साथ ही सिकल सेल रोग और उसके परीक्षण के बारे में आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को आयोजित शिविर में विभिन्न विकासखंडों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और अन्य सेवाओं का लाभ दिया गया।

# अवैध रेत परिवहन में पुलिस की कार्रवाई, 3 ट्रेक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। खैरलांजी पुलिस ने बुधवार को चंदन नदी घाट से अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे तीन ट्रेक्टर पकड़े हैं।

नए एसपी आदित्य मिश्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। खैरलांजी थाना प्रभारी रामसिंह पटेल को मुखबिर से सूचना मिली थी। पुलिस ने रेत से भरे तीनों ट्रेक्टरों को रोका और वैध दस्तावेज मांगे। चालक कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके।

पुलिस ने तीन ट्रेक्टर (एमपी 50 ए 7772, एमपी 50 एए 2945 और एमपी 50 ए 9428) को जब्त किया है। अतरी निवासी रिपेन्द्र मसराम, गणेश चचाने और सावन डायरे को गिरफ्तार किया गया है। ट्रेक्टर मालिक राजेश रिनायत और दूरदर्शन रिनायत फरार हैं। चालकों के खिलाफ खनिज अधिनियम और बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में सउनि चंद्रशेखर चौधरी, सतीश गेडाम समेत अन्य पुलिसकर्मियों की टीम शामिल थी।

# विधायक अनुभा मुंजारे से मिला मरार माली समाज का प्रतिनिधिमंडल

### निर्माणाधीन माता सावित्री फुले कन्या छात्रावास में सहयोग की अपील की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के बूढी में निर्माणाधीन माता सावित्री फुले कनया छात्रावास के निर्माण में सहयोग की मांग को लेकर जिला मरारमाली समाज बालाघाट के प्रतिनिधि मंडल ने आज बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे से मुलाकात की और मांग-पत्र सौपा। समाज के जिलाध्यक्ष रमेश पंचे के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों ने विधायक से मुलाकात की। इस दौरान समाज के जिलाध्यक्ष रमेश पंचे ने विधायक को जानकारी देते हुये बताया कि मरारमाली समाज द्वारा बूढी में माता सावित्री फुले कन्या छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है जिसकी लागत लगभग दो करोड पचास लाख रूपये है। समाज के पदाधिकारियो व समाज के ब्लाक समितियों से स्वेच्छानुदान राशि प्रदान की गई है और अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी इस भवन के निर्माण हेतु सहयोग प्रदान किया है। समाज की अध्ययनरत बालिकाओं को रहने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से छात्रावास का निर्माण हो रहा है।



उन्होने समाज की ओर से विधायक अनुभा मुंजारे से इस कार्य में सहयोग करते हुये विधायक निधि से राशि प्रदान करने की अपील की। इस दौरान विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि मरार समाज द्वारा अत्यंत सराहनीय कार्य किया जा रहा है और वे इस कार्य में यथासंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होने कहा कि किसी भी समाज का विकास शिक्षा पर ही निर्भर है। मरार समाज ने यहां अध्ययनरत बालिकाओं के लिये सामाजिक स्तर से छात्रावास बनाने का निर्णय लिया है वह अत्यंत सराहनीय है। इस दौरान जिला मरारमाली समाज के पदाधिकारी व अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# भू माफिया द्वारा किया जा रहा निजी जमीन पर कब्जा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** ग्राम गर्रा निवासी सचेन्द्र सिलेकर द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा ग्राम गर्रा वार्ड नम्बर 12 में वारासिवनी रोड से लगकर बालाघाट निवासी हेमराज मेश्राम से सन 1994 में पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से जमीन खरीदी गई थी। खरीदी गई जमीन खसरा नम्बर 442/14 पर 1994 से उनका मालकी व कब्जा है तथा उस जमीन पर वर्ष 2000 में मकान बनाकर परिवार सहित निवास कर रहे हैं।12 जून 2025 को शाम लगभग 5 बजे से 6 बजे की बीच हेमराज मेश्राम की पत्नी हिर्रीबाई, बहु वंदना बाई, नातिन नेहा, मोना, विकास वासनिक, अतुल सिंह बिसेन तथा 3 और लड़के सभी बालाघाट निवासी एक राय होकर मेरी मालकी व कब्जे की निजी जमीन पर बनी झोपड़ी को तोड़ दिए तथा उस पर अनाधिकृत रूप से फेंसिंग लगाकर कब्जा करने लगे। मेरे द्वारा विरोध करने पर उक्त सभी लोगों द्वारा मुझे गाली गलौच कर मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने लगे तथा sc जाति के झूठे प्रकरण में फंसाने की भी धमकी देने लगे। इन लोगों के साथ आया एक व्यक्ति जो अपना नाम अतुल सिंह बिसेन बताया उसके द्वारा बताया गया कि वह आई.जी. कार्यालय बालाघाट में कांस्टेबल के पद पर पदस्थ है उसके द्वारा अपने कार्यालय की धौंस दी गई धमकी दिया गया।



उक्त व्यक्ति शासकीय सेवा में रहते हुए भी अनाधिकृत रूप से गलत कार्य में संलिप्त है। उक्त सभी लोगों द्वारा मुझे पुलिस की धमकी दी गई। मेरे द्वारा सम्बंधितों के खिलाफ तत्काल 100 नम्बर पर फोन करके इसकी सूचना दिया गया। उक्त सभी लोगों के द्वारा मुझे दी गई धमकी से मैं तथा मेरा परिवार बहुत डरा हुआ हूँ। इन सभी लोगों के द्वारा भविष्य मेरे व मेरे परिवार के साथ कभी भी व कहीं भी किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना कारित किया जा सकता है। मेरे द्वारा उक्त सभी लोगों पर अपराध दर्ज करने की लिखित शिकायत थाना कोतवाली बालाघाट तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालाघाट में किया गया है। मेरे द्वारा थाना प्रभारी महोदय तथा पुलिस अधीक्षक महोदय से उक्त सभी लोगों के खिलाफ अतिशीघ्र अपराध दर्ज करने की मांग की गई है।

नगर परिषद के उपयंत्री को उपाध्यक्ष ने लिखा पत्र, नहीं मिला जवाब

# उपाध्यक्ष ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

**नगर में विकास कार्य नहीं होने व अधूरे निर्माण कार्य की जानकारी का मामला**

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर परिषद लांजी के उपाध्यक्ष ने उपयंत्री को विकास कार्यों की पत्र लिखकर जानकारी मांगी गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इससे नाराज उपाध्यक्ष संदीप कुमार रामटेक्कर ने 18 जून से नप परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया हैं। दरअसल, नगर परिषद लांजी के वार्ड नंबर एक से वार्ड नंबर 15 तक अनेक विकास कार्य किया जाना है। इनमें से कुछ कार्य प्रारंभ नहीं हो पाए है और जिन कार्यों की समय अवधि पूर्ण होने के बाद अधूरे पड़े है। इन मुद्दों को लेकर उपाध्यक्ष ने अनेक बार लिखित व मौखिक तौर पर नप में अवगत कराया गया। बावजूद इसके अधिकारी व कर्मचारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप कुमार रामटेक्कर ने बताया कि कई बार मौखिक व लिखित तौर पर नप से जानकारी मांगी गई, परंतु नहीं मिली। इसके बाद नौ जून को पत्र लिखकर निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी चाही गई थी, परंतु अब तक नगर परिषद के उपयंत्री अमित नगपुरे ने कुछ भी नहीं बताया। ऐसे में 18 जून से नगर परिषद परिषद में धरना शुरू करना पड़ा हैं। वर्षाकाल के पूर्व मुख्य मार्गों में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा मुख्य नालियों की सफाई नहीं हो पाई है। साथ ही जल आवर्धन का कार्य ठेकेदार ने 2018 से प्रारंभ कर किया गया जिसकी अवधि 18 माह की थी, जो समाप्त होने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ। माह जून 2025 की स्थिति में नगर की जनता को जल आवर्धन योजना में स्वच्छ पेय जल प्रदान नहीं कराया गया। इसके लिए अनेक बार परिषद में चर्चा की गई, लेकिन उपयंत्री ने कार्य को गति प्रदान नहीं करवा पाए। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि को ही जानकारी नहीं मिल रही है तो फिर आम जनता का क्या होगा। इससे अनेक पार्षद भी नाराज है।

### यह कार्य हैं अधूरे

सालेटेकरी रोड डिवाइडर कार्य की समय सीमा स्टीमेंट के अनुसार 30 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है, लेकिन आज भी कार्य अपूर्ण है। सुभाष चौक से बालाघाट रोड एवं आमगांव रोड, माडल रोड, डिवाइडर कार्य, लगभग 1.88 करोड़ से बनने वाली माडल रोड का कार्य अधूरा है। कोई जवाब नहीं देने से उपयंत्री अमित नगपुरे की उदासीनता से नगर की जनता को इसका परिणाम भुगतना पड़ रहा हैं। क्योंकि जब माडल रोड का स्टीमेंट बनाया गया तो विद्युत पोलों की शिफ्टिंग का स्टीमेंट में नहीं जोड़ा गया। जिससे ठेकेदार ने समय सीमा 30 मई तक कार्य पूरा नहीं किया। इधर, अमृत योजना अंतर्गत गणेशी तालाब सौंदर्यीकरण कार्य जो की 30 जून की स्थिति में पूरा होना था, पर अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते कछुआ गति से कार्य चल रहा है। अब वर्षाकाल प्रारंभ हो चुका है और गणेशी तालाब का सौंदर्यीकरण नहीं हो पाया है।




### भूमिपूजन के बाद यह कार्य शुरू नहीं हुए

वार्ड नंबर 10 से 15 तक नाली निर्माण कार्य, जो नगर के पानी निकासी के लिए महत्वपूर्ण है। जिसका भूमिपूजन विधायक राजकुमार कर्राहे व पूर्व विधायक रमेश भटेरे के हस्ते मार्च माह में हुआ था। यह कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। इसके अलावा वार्ड नंबर तीन नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम विधायक राजकुमार कर्राहे, अध्यक्ष रेखा ताराचंद कालबेले समेत समस्त पार्षदों के हस्ते लगभग छह माह पूर्व किया गया। ये भी कार्य आज तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। ऐसे में वार्डवासियों को गंदगी में रहना पड़ रहा है। वार्ड नंबर आठ पेवर ब्लाक निर्माण कार्य, जिसमें लंजकाई मंदिर से किले तक पेवर ब्लाक लगने थे। लगभग एक वर्ष से अधूरा पड़ा है। वार्ड नंबर एक में कायाकल्प 2.0 अंतर्गत लगभग 18 माह पूर्व भूमिपूजन हुआ। उसके बाद से काम प्रारंभ नहीं हो पाया हैं।

### इनका कहना है

मुझे एक दिन हुए है कि नगर परिषद का कार्य प्रभार संभाला है। नगर परिषद उपाध्यक्ष क्यों धरना पर बैठे है, इसकी जानकारी लेकर ही आगे कुछ कह पाऊंगा।

**मयूर वाहने, सीएमओ, नप लांजी।**

## पीएम किसान के हितग्राहियों की मृत्यु उपरांत वारिसान की बनाई जाएगी फॉर्मर आईडी

***भू अभिलेख आयुक्त ने समस्त जिला कलेक्टर्स को पीएम किसान के मृत हितग्राहियों को जिले के टारगेट से कम करने के दिये निर्देश***

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत प्रत्येक कृषि भूधारी की फॉर्मर आईडी बनाया जाना अनिवार्य है। चूँकि फॉर्मर आईडी होने पर ही जिले के पात्र हितग्राहियों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ अर्जित हो पायेगा। इस संबंध में भू अभिलेख आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव द्वारा समस्त जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि वे जिला अंतर्गत प्रत्येक पात्र हितग्राही की फॉर्मर आईडी का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए है कि जो पीएम किसान हितग्राही मृत हैं तो उनके वारिसान के नाम अद्यतन करने के उपरांत उनकी फार्मर आईडी बनाया जाना सुनिश्चित करवाये। आयुक्त श्रीमती श्रीवास्तव ने सभी जिला कलेक्टर्स से अपील की है कि वे पंजीकृत स्थानीय युवा के माध्यम से लक्ष्य अनुसार पंजीयन माह जून 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिससे की विपरीत स्थिति निर्मित न होने पाए एवं हितग्राहियों को शासन की योजना का सहसा लाभ प्राप्त हो सकें।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE
ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE • B.Com • M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass & Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com